नगर निगम, शाहजहॉपुर।

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 14.01.2021

- आज दिनांक 14.01.2021 को ओ0सी0एफ0 रामलीला मैदान में आयोजित मा0 मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह योजना में मा0 मंत्री वित्त,संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग श्री सुरेश कुमार खन्ना जी द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में वोटिंग करने हेतु की गई अपील।

.

आज दिनांक 14.01.2021 को ओ0सी0एफ0 रामलीला मैदान में मा0 मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मा0 मंत्री वित्त,संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग श्री सुरेश कुमार खन्ना जी द्वारा कार्यक्रम में स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में नगर निगम, शाहजहॉपुर को देश में सर्वोत्तम स्थान पर लाने के लिये कार्यक्रम में उपस्थित समस्त नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने एवं वोटिंग करने हेतु अपील की गई। इसके साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष मा0 मंत्री श्री सुरेन्द्रनाथ वाल्मीकि जी द्वारा समस्त नगरवासियों से अपने शहर को साफ एवं स्वच्छ रखने तथा स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में अधिक से अधिक प्रतिभाग करने की अपील की गई। जिलाधिकारी महोदय श्री इन्द्र विक्रम सिंह जी द्वारा समस्त नागरिकों से स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में सक्रिय रुप से प्रतिभाग कर नगर निगम, शाहजहॉपुर को देश में प्रथम स्थान पर लाने की अपील की गई। नगर आयुक्त महोदय द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को बताया गया कि 01 जनवरी 2021 से 31 दिसम्बर 2021 तक चलने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में सर्वोत्तम स्थान प्राप्त करने के लिये सम्पूर्ण भारत के नगर निकाय प्रतिभाग कर रहे है। इसी के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर नगर निगम द्वारा आज ओ0सी0एफ0 रामलीला मैदान में मा0 मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह योजना के कार्यक्रम में कैम्प लगाकर नागरिकों से प्रतिभाग एवं वोटिंग करने की अपील की गई। साथ ही नगर आयुक्त महोदय द्वारा कैम्प में उपस्थित आम–नागरिकों को 01 जनवरी 2021 से चल रहे स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में सर्वेक्षण के दौरान पूछे जाने वाले 08 प्रश्नों एवं उनके उत्तरों के बारे में भी बताया गया, जो निम्न प्रकार है–

| क0सं0 | स्वच्छ सर्वेक्षण के दौरान पूछे जाने वाले प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 1 | क्या आपको पता है कि आपका शहर स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में प्रतिभाग कर रहा है? | हाँ |
| 2 | क्या आपको पता है कि स्वच्छ सर्वेक्षण–2020 में आपके शहर की रैंक क्या थी। | हाँ मुझे पता है 78 वीं |
| 3 | आप अपने आस पड़ोस के स्वच्छता क आधार पर अपने शहर को 100 में से कितने नम्बर देना चाहेंगे। | पूरे 100 नम्बर |
| 4 | आप अपने बाजार क्षेत्र/सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता के आधार पर अपने शहर को 100 में से कितने नम्बर देना चाहेंगे। | पूरे 100 नम्बर |
| 5 | क्या आपके यहाँ कूड़ा लेने वाला आपको कूड़ा अलग अलग देने को कहता है। | हाँ, हमेशा |
| 6 | आप अपने शहर के सामुदायिक शौचालय/सार्वजनिक शौचालय/यूरिनल की सफाई के लिये 100 में से कितने नम्बर देना चाहेंगे। | पूरे 100 नम्बर |
| 7 | क्या आप जानते है कि अपने शहर के शौचालयों को गूगल मैप पर कैसे ढूंढ़ना है। | हाँ गूगल मैप पर एस0बी0एम0 टॉयलट टाईप करके |
| 8 | क्या आप जानते है कि स्वच्छता ऐप/सिटी ऐप के द्वारा अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है। | हाँ, मैं इसका उपयोग भी करता हूँ। |

स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 की जानकारी एवं वोटिंग हेतु नगर निगम द्वारा 02 कैनोपी लगाकर लगभग 250 नागरिकों द्वारा प्रतिभाग कर नगर निगम, शाहजहाँपुर को देश में सर्वोत्तम स्थान पर लाने के लिये वोटिंग की गई। कार्यक्रम में मा0 मंत्री जी के साथ राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष मा0 मंत्री श्री सुरेन्द्रनाथ वाल्मीकि, ददरौल विधायक श्री मानवेन्द्र सिंह,जिलाधिकारी महोदय श्री इन्द्र विक्रम सिंह,मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा,नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा,उप नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे,कर निर्धारण अधिकारी श्रीमती आरती सिंह,समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक एव अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहाँपुर।